आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल गोरखपुर आएंगे। वह गोरखपुर खाद कारखाना के पास स्थापित पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन ने उप राष्ट्रपति के आगमन और उद्घाटन समारोह संबंधी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री ने कल शाम कार्यक्रम स्थल पहुंच कर तैयारियों की समीक्षा भी की। कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहेंगी। उप राष्ट्रपति के दौरे के देखते हुए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पुलिस द्वारा कार्यक्रम संबंधी सभी रूट पर भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है।

****

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के कैम्पियरगंज में दुनिया के पहले जटायु राजगिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र' का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने वन विभाग को गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्री कॉलेज बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने मंशा जताई कि इस कॉलेज में वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जाएं। इससे वन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पदों पर युवाओं को नौकरी भी मिल सकेगी।

केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम जटायु संरक्षण केंद्र के माध्यम से अपनी वैदिक और पौराणिक परंपरा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं। गिद्धराज जटायु धर्म और गरिमा की रक्षा के लिए रामायण काल के पहले बलिदानी थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने केंद्र के निर्माण में योगदान देने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस केंद्र का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री ने ही सात अक्टूबर दो हजार बीस को किया था। इसके जरिये राजगिद्धों की संख्या बढ़ने और ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसकी स्थापना पर सरकार ने दो करोड़ अस्सी लाख चौवन हजार रुपये खर्च किये हैं।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए छह सौ पैंतीस करोड़ रूपये लागत की विभिन्न लोक कल्याणकारी विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने कहा कि नये उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर आज समृद्धि के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हुए विकास और सुशासन का एक मॉडल बन कर उभरा है।

इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दरबार में दूर दराज से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित व प्रभावी निराकरण के निर्देश दिये। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को उन्होंने हरसंभव आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया।

****

सरकार ने आमदनी और योग्यता पर आधारित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष दो हजार चौबीस पचीस संबंधी चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आवेदन करने की समय–सीमा इस महीने की तीस तारीख तक बढा दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है ताकि कक्षा आठ के बाद स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने की समस्या पर रोक लगाई जा सके।

****

पति की लम्बी उम्र और सुख–समृद्धि की प्रार्थना के साथ आज हरितालिका तीज मनाई जा रही है। सुहागिन महिलायें भोर से ही बिना अन्न जल ग्रहण किये भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा अर्चना कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को इस पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

****

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के भीतर हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गये। बाराबंकी जिले के कुर्सी महमूदाबाद मार्ग पर बीती रात ओवर टेक करते समय दो कार और एक ऑटो आपस में टकरा गये। अनियंत्रित होकर एक कार सड़क से नीचे चली गई, जबकि ऑटो में सवार यात्री नीचे गिर गये और उन्हें तेज रफ्तार किसी अन्य वाहन ने कुचल दिया। इस हादसे में कुर्सी थाना क्षेत्र के उमरा गाँव के निवासी पाँच लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल तीन अन्य लोगों का इलाज कराया जा रहा है।

वहीं, कल शाम कानपुर जिले के पनकी थानाक्षेत्र में भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच गुजैनी नहर पुल के ऊपर से एक ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए झांसी रेलमार्ग पर जा गिरा। इस दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई । इससे कई रेलगाड़ियों का संचालन भी प्रभावित हुआ, हांलाकि रात तक रेलमार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया।

****

रेलवे, आगरा से वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए आगरा से वाराणसी तक का रूट प्लान भी तैयार कर लिया गया है। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में योजना रिपोर्ट की मांग की है। इस योजना रिपोर्ट से संबंधित पत्र भी जारी हो चुका है।

****